दैनिक भास्कर 30/08/2022

# बैडमिंटन: महिला वर्ग में रोशनी व पुरुष में पीयूष प्रथम



**अम्बाला** | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने बताया कि 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म हुआ था। उन्हीं के जन्मदिवस को नेशनल स्पोर्ट्स डे के तौर पर मनाया जाता है। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में मैन व वुमन के बैडमिंटन के मैच आयोजित करवाए गए। इनमें महिला वर्ग में रोशनी ने प्रथम, राखी ने दूसरा तथा मुस्कान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में पीयूष ने प्रथम, मनप्रीत ने दूसरा व मोक्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों ही मैचों में अंपायर की भूमिका डॉ. सुरजीत ने निभाई।